मां लक्ष्मी घर आओ मेरे

जय मां लक्ष्मी नमो नमः
जय जग जननी नमो नमः
धन-संपत्ति की देवी माता
कमला देवी नमो नमः

मां लक्ष्मी हम भक्तों उपर, दया कभी दिखलाओ मां,
दीन दुखियों की अरज सुनो तुम, उनके घर भी आओ मां,
मां लक्ष्मी हम भक्तों उपर, दया कभी दिखलाओ मां.....

भूखों के घर भोजन तुमसे, तुमसे सुख का सागर है,
भर दो तुम आशीष से अपने, खाली मन का गागर है,
तुम आओ संग खुशियां लाओ फिर ना लौट के जाओ मां,
मां लक्ष्मी हम भक्तों उपर, दया कभी दिखलाओ मां.....

राजा को तुम रंक बना दो, रंक दया से राज करें,
जाती हो तुम उनके घर जो हरदम पुण्य का काज करें,
कृपा करो हे जग की माता, दुख को दूर भगाओ मां,
मां लक्ष्मी हम भक्तों उपर, दया कभी दिखलाओ मां.....

करुणा मई है लक्ष्मी माता, तेरे दर पे आये हैं,
विचलित जीवन के अपने हम कष्ट बताने आये है,
अपने कर कम लो से मेरे, घर भी खुशिया लाओ माँ,
मां लक्ष्मी हम भक्तों उपर, दया कभी दिखलाओ मां.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27291/title/maa-lakshmi-ghar-aao-mere

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |